EDII

Rajasthan Patrika

October 24, 2019
Page No. 2

हास्य कवि सम्मेलन में बिखरे कई रंग

बिहार सांस्कृतिक मंडल का आयोजन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

अहमदाबाद. बिहार सांस्कृतिक मंडल-गुजरात की ओर से हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। मंगलवार रात शहर के भाट चौराहा स्थित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) सभागार में जाने-माने कॉमेडियन सुनील पाल ने माहौल को अपने चिरपरिचित अंदाज में माहौल को खुशनुमा बना दिया। उदयपुर से आए प्रसिद्ध कलाकार राव अजातशत्रु, किया एवं कवयित्री श्वेता सिंह के साथ-साथ कवि संदीप शौर्य, चेतन चर्चित व मन कुमार ने भी प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुजरात के अतिरिक्त मुख्य सचिव दीनानाथ पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कमल ओझा, एमएसएमई के जोनल हेड प्रभात झा, अहमदाबाद के मंडलीय रेल प्रबंधक (डीआरएम) दीपक कुमार एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के वरिष्ठ अधिकारी मनीष पालन तथा समाज के लोग सपरिवार उपस्थित थे।

बिहार गौरव सम्मान

कार्यक्रम के दौरान रंजना झा, संतोष मिश्रा, विजय शाही, प्रमोद जयसवाल एवं पाठक कुशवाहा को बिहार गौरव सम्मान से नवाजा गया।

इस अवसर पर समाज के अग्रणी ऋषिकेश सिंह, रामपाल सिंह, प्रेम सिंह, दीनानाथ ठाकुर, नीरज कुमार एवं रंजना झा सहित कई अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में संयोजक रंजीत झा, महासचिव विधान झा, संतोष मिश्र, प्रो. विमल सिंह, शिव के साथ साथ जितेंद्र मिश्र ने समाज के सभी लोगों ने अपना योगदान दिया।